**2. आयु** – बी.पी.एड. 2025 में प्रवेश हेतु न्यूनतम एवं अधिकतम आयु गणना का आधार इस वर्ष की 30 जून, 2025 होगी। अभ्यर्थी की अधिकतम आयु एवं न्यूनतम आयु निम्नानुसार होगी –

| वर्ग | न्यूनतम आयु | अधिकतम आयु |
|---|---|---|
| पुरुष (सामान्य वर्ग) | 18 वर्ष | 28 वर्ष |
| सामान्य वर्ग महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग (पुरुष व महिला) | 18 वर्ष | 33 वर्ष |
| पूर्व सैनिक | 18 वर्ष | 40 वर्ष |
| सेवारत शारीरिक शिक्षा शिक्षक | 18 वर्ष | 45 वर्ष |

3. **शारीरिक योग्यता** :– बी.पी.एड, 2025 में प्रवेश हेतु प्रवेशार्थी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो एवं उसने शारीरिक क्रियाओं को करने की क्षमता हो। खेलों को खेलने में शारीरिक अयोग्यता, विकलांगता, गूंगापन, अंधापन एवं बहरापन नहीं होना चाहिए, स्वास्थ्य एवं शारीरिक दक्षता प्रमाण पत्र सरकारी चिकित्सक द्वारा प्रमाणित करवाकर फार्म के साथ जमा कराना आवश्यक है। महिला प्रवेशार्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के दौरान गर्भावस्था में नहीं होनी चाहिए। उक्त अयोग्यताएं होने पर अभ्यर्थी प्रवेश हेतु पात्र नहीं होगा एवं प्रशिक्षण के दौरान उक्त अयोग्यताएं होने पर प्रवेश स्वतः निरस्त कर दिया जायेगा।

आवश्यक निर्देश

- उक्त शारीरिक अयोग्यताएं न होने एवं शारीरिक तथा मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होने का प्रमाण पत्र साक्षात्कार एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण के दिन राजकीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त, प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा जो पन्द्रह दिनों से पूर्व का नहीं होना चाहिए।
- निर्देश में वर्णित शारीरिक अयोग्यताओं के बारें में यदि कोई संशय होने पर, प्रवेश के समय गठित स्थानीय मेडिकल बोर्ड के पास प्रकरण भिजवाया जावेगा, जिनकी रिपोर्ट के आधार पर ही प्रवेश समिति द्वारा निर्णय लिया जावेगा।

## अनुभाग II बी.पी.एड.–2025 पाठ्यक्रम की चयन प्रक्रिया से सम्बंधित दिशा–निर्देश

**बी.पी.एड.–2025 पाठ्यक्रम की चयन प्रक्रिया तीन चरणों में आयोजित की जायेगी :–**

1. प्रथम चरण में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश परीक्षा के प्राप्तांक के अनुसार कुल आवंटित सीटों से तीन गुना अभ्यर्थी अग्रिम चरण हेतु योग्य माने जाएंगें। प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी अनुभाग III में वर्णित है।
2. द्वितीय चरण में शारीरिक दक्षता परीक्षण का आयोजन किया जायेगा। इसका वरीयता निर्धारण में कोई योगदान नहीं होगा। यह एक वांछनीय योग्यता है। इसमें उत्तीर्ण विद्यार्थी ही अग्रिम चरण में भाग लेने योग्य होगा। विस्तृत जानकारी अनुभाग IV में वर्णित है।
3. तृतीय चरण में वरीयता निर्धारण किया जायेगा। विस्तृत जानकारी अनुभाग V में वर्णित है।

**चयन प्रक्रिया को सरलता से निम्नलिखित तालिका के अनुसार समझा जा सकता है:–**

| प्रथम चरण | |
|---|---|
| लिखित प्रवेश परीक्षा | मापदंड :<br>कुल 100 अंक। कुल आवंटित सीटों से तीन गुना अभ्यर्थी अग्रिम चरण हेतु योग्य माने जाएंगें |
| **द्वितीय चरण** | |
| शारीरिक दक्षता परीक्षण | मापदंड :<br>पुरुष वर्ग – 2400 मीटर / 12 मिनट<br>महिला वर्ग – 2000 मीटर / 12 मिनट<br>यह एक वांछनीय योग्यता है। इसमें उत्तीर्ण विद्यार्थी ही अग्रिम चरण में भाग लेने योग्य होगा। इसका वरीयता निर्धारण में कोई योगदान नहीं है। |

| तृतीय चरण | |
|---|---|
| वरीयता निर्धारण मापदंड | मापदंड :<br>लिखित प्रवेश परीक्षा (100 अंक) 60 अंक<br>(प्रवेश परीक्षा में प्राप्त कुल अकों का 60% प्रतिशत)<br>● डी.पी.एड./किसी भी खेल में (भारतीय खेल प्राधिकरण एवं एल.एन.आई. पी.ई., ग्वालियर द्वारा) एक वर्षीय कोचिंग डिप्लोमा 05 अंक<br>● खेल प्रमाण पत्र के अधिकतम अंक (पृष्ठ सं. 10 बिन्दु सं. I से XII के अनुसार) 35 अंक<br>**अधिकतम कुल 100 अंक** |

## अनुभाग–III प्रवेश परीक्षा से सम्बंधित दिशा–निर्देश

द्विवर्षीय बी.पी.एड.–2025 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करवायी जावेगी, जिसके सम्बन्ध में सामान्य निर्देश निम्नानुसार है :–

1. **प्रश्नपत्र –**
   - i. प्रश्न पत्र में प्रश्नों की कुल संख्या 100 होगी।
   - ii. प्रश्न पत्र की अवधि 90 मिनट की होगी।
   - iii. प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा, सम्पूर्ण प्रश्न पत्र 100 अंकों का होगा।
   - iv. गलत उत्तर पर कोई अंक नहीं काटा जावेगा।
   - v. प्रश्न–पत्र का माध्यम (**Medium of Question Paper**) : **ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थी को प्रश्न पत्र की भाषा हिन्दी अथवा अंग्रेजी दोनों में से किसी एक भाषा का चयन करना होगा। चयनित भाषा के आधार पर ही अभ्यर्थी को हिन्दी अथवा अंग्रेजी दोनों में से किसी एक भाषा में ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा। अभ्यर्थी को प्रश्न पत्र दोनों भाषाओं में देय नहीं होगा।**
2. **पाठ्यक्रम :–**

प्री.बी.पी.एड.–2025 प्रवेश परीक्षा में प्रश्न पत्र की रूपरेखा/ पाठ्यक्रम निम्नानुसार होगा :–

<u>हिन्दी में पाठ्यक्रम</u>

1. शारीरिक शिक्षा एवं खेल और योग पर समसामयिक घटनाक्रम।
2. मैदान/कोर्ट के आयाम, विभिन्न खेल आयोजनों के नियम और विनियमन।
3. प्रतिस्पर्धी खेलों में प्रयुक्त खेल शब्दावली और तकनीकी शब्द।
4. ओलंपिक खेल, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, पैरालिंपिक, विभिन्न खेलों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट – खेल इतिहास और रिकॉर्ड।
5. खेल पुरस्कार– अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य, प्रसिद्ध खेल हस्तियाँ, फेडरेशन एसोसिएशन (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय): इतिहास, मुख्यालय और कार्यप्रणाली।
6. राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ट्रॉफी, आत्मकथाएँ, पुस्तकें, खेल मीडिया – प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक्स।
7. स्वास्थ्य और स्वच्छता।
8. खेल और खेलों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राजस्थान राज्य सरकार द्वारा, योजनाएँ एवं नीतियाँ ।
9. सामान्य ज्ञानः राजस्थान के खेल और खेल हस्तियाँ।


## Syllabus in English

1. Current affairs on physical education, sports, games and yoga.
2. Field / Court dimensions, rules and regulations of different sports events.
3. Sports terminology and technical words used in competitive sports.
4. Olympic games, Asian games, Commonwealth games, Paralympics, National and International tournaments for various sports - Sports history and records.
5. Sports Awards - International, National and state, famous sports personalities, Federation Association (National and International) : History, Headquarters and working
6. National and international stadium, national and international trophies, autobiographies, books, sports media - print and electronics
7. Health & Hygiene.
8. Schemes by Central & Rajasthan State Government to promote games & sports.
9. General Knowledge: Sports & sports personalities of Rajasthan.

3. हल करने की विधि :–

i. सभी प्रश्न पत्र 'टेस्ट बुकलेट' के रूप में होंगे, जिसमें प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्पी उत्तर (1), (2), (3), (4) रूप में होंगे। परीक्षार्थी को सही उत्तर चुनकर उसे दिये गये उत्तरपत्रक में प्रश्न के अनुरूप क्रमांक में काले/नीले बॉलपेन से पूरे गोले को गहरा काला/नीला करना है। निशान गहरा काला/नीला और गोला पूरा भरा होना चाहिए। एक प्रश्न के उत्तर के लिए केवल एक गोले को गहरा काला/नीला करना है जैसा नमूने में दर्शाया गया है।

<u>सही गोला करने का उदाहरण</u>



दी हुई उपयुक्त जगह को ही काला/नीला कीजिए। उत्तरपत्रक पर इधर–उधर कहीं कोई निशान मत लगाइए। एक से अधिक गोलों को काला/नीला कर देने से वह उत्तर गलत माना जाएगा। उत्तरपत्रक पर रफ कार्य नहीं करना है। टेस्ट बुकलेट में रफ कार्य के लिए अलग से स्थान दिया हुआ है, उस जगह का उपयोग कीजिए। मूल्यांकन केवल उत्तरपत्रक के आधार पर ही किया जायेगा। परीक्षा उपरान्त प्रश्न–पत्र पुनः जमा करवाना है। ओ.एम.आर. की कार्बन प्रति अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकेगा।

ii. टेस्ट बुकलेट विभिन्न समुच्चयों (Combination) में व्यवस्थित होगी। अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे प्रश्न–पुस्तिका का क्रमांक उत्तर–पत्रक पर सावधानी से सही अंकित करें और अंकों के समानान्तर गोलों को सावधानी से गहरा काला/नीला करें।

iii. आवेदन–पत्र अत्यन्त सावधानीपूर्वक भरकर ऑनलाइन सबमिट करें एवं परीक्षा शुल्क के सफलतापूर्वक ऑनलाइन भुगतान या बैंक चालान से भुगतान कर उसका प्रिन्ट लें एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड प्रति व आवश्यक प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति अपने पास रखें, जिसे काउंसलिंग के उपरान्त आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश के समय जमा करवाया जाना आवश्यक है। आवेदन–पत्र में एक भी गलत या अनुचित इन्द्राज, जानबूझ कर टेस्ट में नाजायज लाभ लेने की नीयत से किया हुआ माना जाएगा तथा ऐसा कृत्य इस टेस्ट हेतु आपकी अभ्यर्थिता को निरस्त करने का पर्याप्त आधार होगा।

अन्य निर्देश :–

1. प्रवेश–पत्र प्री.बी.पी.एड.–2025 की वेबसाइट **https://pbped.univraj.org** पर उपलब्ध होंगे।
2. प्री.बी.पी.एड. प्रवेश परीक्षा के उत्तर पत्रक की रिस्कैनिंग करवाने हेतु अभ्यर्थी को परीक्षा परिणाम घोषणा तारीख के 10 दिन की अवधि में रु. 200/– (रूपये दो सौ मात्र) शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।